



## एक नजर में

### पेंशनर महासंघ का गेट टू गेदर कार्यक्रम



**आगर-मालवा।** सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा के निवास पर आज गेट टू गेदर कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर सभी विभागों में 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चतुर्थ समयमान वेतनमान/क्रमोन्नति मे आ रहे गतिरोध पर चर्चा कर इसे लागू करने में आ रही बाधाओं को दूर करने पर विचार विमर्श किया गया। सभा में उपस्थित गणमान्यजनों से अन्य सुझाव भी लिए गए तथा संगठन के नवीन सदस्य भी बनाए गए। कार्यक्रम को सत्यनारायण शर्मा, मोहन स्वर्णकार, एमएल जोगचंद, हरीश श्रीवास्तव, भूपेंद्र भटनागर ने संबोधित दिया। अध्यक्षता बाबूलाल शर्मा ने की। विशेष अतिथि भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष अमित जोशी थे। संचालन दुर्गा शंकर पाठक ने किया।

### सरकारी कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**मोहन बड़ोदिया।** सोमवार को आर्यावर्त शासकीय महाविद्यालय मोहन बड़ोदिया में सोमनाथ मंदिर अटूट आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मनोज लश्करी द्वारा सोमनाथ मंदिर पर उद्बोधन से किया। जिसका संचालन डॉक्टर प्रीति राजपूत ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान अरुण पाल, द्वितीय स्थान धीरज एवं तृतीय स्थान लेखराज पाल ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### दो बाइक की भिड़ंत, पांच घायल

**मोहन बड़ोदिया।** ग्राम जसवाड़ा के समीप रविवार रात 9 बजे के करीब दो बाइक की भिड़ंत हो गई। इसमें कुल पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें 112 से पायलेट संतोष मालवीय और थाने से शिवचरण दांगी, विजय गवली की मदद से मोहन बड़ोदिया सीएचसी लाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बाइक पर मोहन बड़ोदिया निवासी मुरली पिता गोपाल टेलर उम्र 40 वर्ष और आशीष पिता मुरली उम्र 18 वर्ष सवार थे। वहीं दूसरी बाइक पर हर्निया भैंसवा माताजी से रामचरण पिता रायसिंह उम्र 35 वर्ष, सोरम बाई पति रायसिंह उम्र 50 और आराध्या पिता रामचरण उम्र 8 सवार थे। ये पांचों लोग हादसे में घायल हो गए। जिनका मोहन बड़ोदिया सीएचसी पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रैफर किया गया। मामले में मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी अरविंद सिंह तोमर ने बताया कि घायलों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सायबर ठगी के मामलों में पुलिस को मिली सफलता

**शाजापुर।** ठगी और गलत खातों में गई राशि के मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन लोगों को राहत दिलाई है, जिनकी राशि पुलिस की तत्परता से उनके खातों में पहुंच गई है। पुलिस द्वारा 1 लाख 72 हजार से अधिक की राशि संबंधितों के खातों में पहुंचाई है। सायबर सेल व पुलिस को विभिन्न आवेदकों द्वारा अनजाने में अथवा फ्रॉड के चलते राशि गलत खातों में जमा हो गई थी, जिसके संबंध में आवेदकों द्वारा सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित खातों को तत्काल होल्ड कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप अनावेदकों खाता धारकों द्वारा आवेदकों की राशि वापस की गई। साथ ही न्यायालय के आदेश के पालन में भी संबंधित प्रकरणों में राशि वापस कराई गई। पुलिस की तत्परता से श्रेष्ठ रोशन को 48 हजार, बलराम पाटीदार को 12 हजार 400, प्रांजल को 42 हजाार 580, दीपिका को 10 हजार रुपए की राशि वापस दिलवाई गई। इसी प्रकार अन्य मामलों में अंकित सौराष्ट्रीय के 50 हजार, मृत्युंजय परमार के 10 हजार रुपए भी वापस दिलवाए गए। इस प्रकार पुलिस द्वारा कुल 1 लाख 72 हजार 980 रुपए की राशि पीड़ितों को दिलवाई गई।

**ठगी होने पर तुरंत संपर्क करें**

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें, जिससे समय रहते कार्रवाई कर राशि सुरक्षित कराई जा सके। पहले तो सावधानी बरती जाए और अंजान लिंक पर क्लिक न करें ओर न ही जल्दबाजी करें। फिर भी यदि घटना हो जाती है, तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

### बूंदों ने उतारी धूप की गर्मी, अब बारिश से राहत के आसार

**शाजापुर।** भीषण गर्मी झेल रहे नगरवासियों के लिए सोमवार का दिन राहत लेकर आया। इस दिन ज्यादा बारिश तो नहीं हुई, लेकिन कुछ देर की बूंदाबांदी के बाद मौसम सुहावना हो गया, जिससे नगरवासियों को गर्मी से राहत मिली। वहीं मौसम विभाग द्वारा सोमवार देर रात को व मंगलवार दोपहर बार कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। करीब 15 दिनों से नगर का तापमान 40 डिग्री से अधिक बना हुआ था। कुछ दिन पहले नगर का अधिकतम तापमान 44 डिग्री भी पहुंच चुका था, जिससे लोगों का बुरा हाल होने लगा था। रविवार तक भी मौसम के यही हाल थे और तापमान 40 से 41 डिग्री के बीच बना हुआ था। सोमवार को भी नगर का अधिकतम तापमान 40 ।1 डिग्री दर्ज किया गया, जिसके कारण सुबह से दोपहर तक लोगों का गर्मी से बुरा हाल होता रहा, लेकिन शाम करीब 4 बजे नगर में बूंदाबांदी होने लगी, जो 5 से 7 मिनट तक रही। इसके बाद बारिश तो थम गई, लेकिन आसमान पर बादल छा गए, जिससे मौसम सुहावना हो गया। समाचार लिखे जाने तक आसमान पर बादल छाए हुए थे। मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम परिवर्तन संभावित है। संभावना है कि सोमवार को रात में और मंगलवार दोपहर कहीं-कहीं तेज आंधी के साथ गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है।

### समिति प्रबंधकों का वेतन काटने के निर्देश

**शाजापुर।** कलेक्टर ऋजु बाफना ने उपार्जन केंद्र रुचि वेयरहाउस पैक्स पतोली, सप्तेश्वर वेयरहाउस पैक्स बिजाना एवं मार्केटिंग सोसायटी शाजापुर में गेहूं उपार्जन कार्य समय पर प्रारंभ नहीं करने पर उपायुक्त सहकारिता ओपी गुप्ता को उक्त समिति प्रबंधकों का 7-7 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

### ट्रक की टक्कर से दो बुजुर्गों की मौत

**शाजापुर।** शादी में शामिल होने जा रहे दो बुजुर्ग सड़क हादसे का शिकार हो गए, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। मामला उकावता चौकी क्षेत्र अंतर्गत का है। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों बाइक सवारों को रौंद दिया। इस सड़क हादसे ने खुशियों भरे माहौल को पलभर में मातम में बदल दिया। अस्पताल पुलिस चौकी पर पदस्थ प्रधान आरक्षक पदम सिंह के अनुसार दोनों मृतक सुसनेर क्षेत्र के निवासी थे। एक बारात में शामिल होने शाजापुर आ रहे थे। मृतकों की पहचान गंगाराम 50 वर्ष पिता नंदाजी निवासी श्यामपुरा सुसनेर और रतनलाल 50 वर्ष पिता नाथूजी निवासी सुसनेर के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, दोनों सुसनेर से बारात में शामिल होने के लिए के जा रहे थे। बता दें हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चौकी पर खड़ा करवा लिया है और नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। दोनों बुजुर्गों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### सर्वबलाई समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**शाजापुर।** ग्राम लाहोरी स्थित संत अमरदास और संत चरणदास साहेब आश्रम में रविवार को सर्व बलाई समाज का 12वां सामूहिक विवाह सम्मेलन धूमधाम से आयोजित किया गया। जहां 55 जोड़ों ने सात फेरे लेकर दाम्पत्य जीवन में कदम रखा। यहां विधायक अरूण भीमावद ने पहुंचकर नवदंपत्तियों को आशीर्वाद दिया।

# बंगाल की जीत सनातनी वीरों के लिए श्रद्धांजलि

## तीन राज्यों में जीत पर भाजपा ने मिठाई बांटकर मनाया जश्न



**शाजापुर। आज पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इसको लेकर शाजापुर भाजपा ने पश्चिम बंगाल की जीत को उन सनातन शहीदों के लिए श्रद्धांजलि बताया, जो टीएमसी सरकार के कार्यकाल में सरकार के अत्याचार से मारे गए थे। आज पश्चिम बंगाल में सनातन की जीत हुई और भाजपा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना साकार हुआ। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय पर आतिशबाजी कर मिठाई वितरित की।**

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस अवसर पर शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जंगल राज और गुंडा राज खत्म हो गया है। टीएमसी सरकार में जिस प्रकार हिंदुओं पर अत्याचार किया गया है, उसी का आज परिणाम है कि पश्चिम बंगाल से ममता बेनर्जी की सरकार को जनता ने उखाड़ फैंका है। भीमावद ने कहा कि बीते सालों में टीएमसी सरकार के कार्यकाल में कई सनातनियों की हत्या हुई। महिलाओं से दुष्कृत्य किया गया। आज बंगाल में भाजपा की जीत उन सनातनियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। भीमावद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आखिर साबित कर दिया कि वे देश में सबसे लोकप्रिय नेताओं में शामिल हैं और पश्चिम बंगाल की जीत मोदी की जीत है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पांडे, भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष नागर, नपाध्यक्ष प्रेम जैन सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

**भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यालय में जश्न- मक्सी,** पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर मक्सी भाजपा कार्यालय में उत्साह और उमंग के साथ जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल, मंडल महामंत्री सुनील नानू पंड्या, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोडसिंह लोधी, मंडल मंत्री दयाराम मंडलोई, नरेंद्र भावसार, युवा नेता दिलीप सेठू आरोल, हंसराज जैन, मनोज पटेल, मुकीम खान, मोहसिन खान, मनोहर लश्कन, विष्णु पाटीदार, कुलदीप सोनी, विनोद पटेल, भगवान सिंह मंडलोई सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यालय परिसर में जयघोष के साथ माहौल उत्सवमय बना रहा। सभी ने पार्टी की इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए इसे कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास की जीत बताया।





**भाजपा की जीत का जश्न आतिशबाजी कर मनाया - मोहन बड़ोदिया,** भाजपा मंडल द्वारा सोमवार शाम 4 बजे आतिशबाजी कर जश्न मनाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश पाल ने बताया कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत का जश्न मोहन बड़ोदिया मंडल द्वारा बड़े ही धूमधाम से एवं आतिशबाजी करके जश्न मनाया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी डॉक्टर प्रभुलाल जाटव, मंडल अध्यक्ष जगदीश पाल, महामंत्री महेश भारती, रामचंद्र सूर्यवंशी, वरिष्ठ नेता तेजसिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष पुखराज पटेल, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनीष प्रजापति, जनपद सदस्य दिलीप जाणा, दीपक जैन, बूथ अध्यक्ष अरुण प्रजापति, जसमत सिंह राजपूत, भोजराज, रमेश चंद्र विश्वकर्मा, चंदर सिंह उपस्थित थे।

### भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर मनाया विजय उत्सव



**आगर-मालवा।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड एवं ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में बड़ौद चौराहा पर हर्षोल्लास के साथ विजय उत्सव मनाया गया। देशभर में आए चुनाव परिणामों में भाजपा ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। विशेषकर पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक बढ़त, असम में लगातार मजबूती तथा पांडुचेरी में एनडीए की स्थिति मजबूत रहने से कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, विधायक मधु गेहलोत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर, मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाईयां दीं। पूरा वातावरण भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। इस विजयी उत्सव कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, विधायक मधु गेहलोत की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा, सभी मंडलों के कार्यकर्ता एवं जिला की देवतुल्य जनता जनार्दन उपस्थित रही, जिन्होंने एकजुटता के साथ इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मालवीय ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीत देश की जनता के विश्वास, प्रधानमंत्री के नेतृत्व और संगठन की मेहनत का परिणाम है। यह विजय केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस ऐतिहासिक विजय के लिए भारतीय जनता पार्टी के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, नेतृत्व एवं देश की जागरूक जनता को विधायक मधु गेहलोत, बाबूलाल यादव, मंडल अध्यक्ष भरत प्रजापत, अजय जैन, नपा अध्यक्ष निलेश पटेल, मनीष सोलंकी, पीडी गोयण, रामप्रसाद मेवाड़ा, रवि फरन्ड, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा सहित सभी शीर्ष नेतृत्व ने बधाई दी।

### आतिशबाजी कर जीत का भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**शुजालपुर।** देश के पांच राज्यों के चुनाव परिणाम सोमवार को घोषित किए गए, पश्चिम बंगाल में भाजपा की एतिहासिक जीत और असम में मिली अच्छी सफलता पर भाजपा ने शहर में जीत का जश्न मनाया। नगर भाजपा मंडल के नेतृत्व में टेम्पो चौराहे पर सोमवार की शाम को कार्यकर्ताओं ने उत्साह जताते हुए जमकर आतिशबाजी की और मिठाई वितरित की गई। साथ ही भाजपा जिन्दाबाद के नारे लगाए गए। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बेनीप्रसाद परमार, सुनिल देथल, अभिनंदन जैन, सीमित जैन, अमित गोयन्का, राकेश परमार, अमृत गोस्वामी सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुष्प वाटिका में पक्षियों के लिए रखे सकोरे

## मप्र जन अभियान परिषद के नेतृत्व में मोहन बड़ोदिया ब्लॉक सेक्टर 2 में हुआ आयोजन

**मोहन बड़ोदिया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् जिला शाजापुर के नेतृत्व में सोमवार को मोहन बड़ोदिया ब्लॉक सेक्टर 2 के पुष्प वाटिका मंदिर में भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखे गए।**




परामर्शदाताओं के साथ सेक्टर के छात्र-छात्राओं ने मंदिर प्रांगण में पक्षियों के लिए ठंडे पानी के सकोरा रखे और उपस्थित लोगों को भी अपने घर, आंगन में पक्षियों को भीषण गर्मी में पानी मिल सके और उनका जीवन बच सके, इसके लिए सकोरे रखने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में जल संरक्षण की शपथ के साथ जीव मात्र के प्रति दया भाव रखने और सत्य प्रेम करुणा का संदेश दिया गया। जल है तो कल है, जल ही जीवन है के संदेश के साथ आयोजित इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में समाजकार्य के विद्यार्थी, परामर्शदाता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### यह सेवा कार्य मानवता का संदेश देता है...

मोहन बड़ोदिया ब्लॉक की परामर्शदाता कामिनी शर्मा ने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस मौसम में नन्हें परिंदों के लिए यह सेवा कार्य न केवल मानवता का संदेश देता है, बल्कि प्रकृति और जीव जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी बोध कराता है। उन्होंने कहा कि जीवन में परोपकार और अन्य जीवों की रक्षा का विशेष महत्व है। उन्होंने सभी उपस्थितजनों को अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### करंट लगने से युवक की मौत

**शाजापुर।** जिले के ग्राम बापचा में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक खेत पर काम कर रहा था। तभी वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। नगर के लालघाटी थाना क्षेत्र के ग्राम बापचा में खेत पर काम करते समय एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना सोमवार सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच हुई। परिजन युवक को निजी वाहन से शाजापुर जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 30 वर्षीय राकेश पिता दरियाव सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि राकेश अपने खेत में काम कर रहे थे। तभी अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गए। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। उन्होंने तत्काल राकेश को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# जनगणना कार्य में लापरवाही पर शिक्षक निलंबित

**आगर-मालवा। जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रगणक एवं सुपरवाइजर प्रशिक्षण तथा मकान सूचीकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी आरपी वर्मा द्वारा प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोकुलपुर पीरुलाल विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।**

जारी आदेश अनुसार जनगणना निदेशालय के निर्देशों के पालन में जिले में प्रगणक एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण 15 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में उपस्थित रहने हेतु आदेशित किए जाने के बावजूद प्राथमिक शिक्षक विश्वकर्मा, 15 अप्रैल 2026 को बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहे। इस संबंध में उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया था। इसके अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी, नगर परिषद बड़ागांव द्वारा मकान सूचीकरण कार्य नहीं करने पर 30 अप्रैल 2026 को पुनः कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। किन्तु इसके बाद भी संबंधित द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन नहीं किया गया। उक्त कृत्य को जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य के प्रति उदासीनता मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत शिक्षक पीरूलाल विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड कार्यालय सुसनेर नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## एक नजर में

## नेशनल हाईवे पर लूट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

# हाईवे पर फिल्मी अंदाज में की गई चलते ट्रक से कटिंग

**शुजालपुर। आष्टा-शुजालपुर नेशनल हाईवे एनएच 752 सी पर सोमवार दोपहर एक सनसनीखेज लूट की घटना सामने आई है। बाइक पर सवार बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में चलती ट्रक को निशाना बनाते हुए कुछ ही मिनटों में वारदात को अंजाम दे दिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी बाइक से ट्रक का पीछा कर उस पर चढ़ते दिखाई दे रहे है और लूट को अंजाम दिया।**



बाइक से ट्रक का पीछा करते बदमाश



ट्रक से उतारा गया बाक्स ले जाते हुए

जानकारी के अनुसार यह वारदात दोपहर करीब 12.30 बजे तिलावद और मैना के बीच हुई। दो बिना नंबर की बाइकों पर सवार चार नकाबपोश बदमाश तेज रफ्तार ट्रक के पीछे लगे। इसी दौरान एक बदमाश चलती बाइक से ट्रक के पिछले हिस्से पर चढ़ गया और रस्सी काटकर तिरपाल हटा दी।

महज दो मिनट के भीतर आरोपियों ने ट्रक में रखे दो बड़े बॉक्स नीचे फैंक दिए और खुद भी कूद कर फरार हो गए। इस वारदात को ट्रक के पीछे चल रही एक कार में सवार व्यक्ति ने अपने मोबाइल में कैद किया। जिन बदमाशों ने यह वारदात की उन्होंने ट्रक के पीछे चल रहे वाहन व अन्य राहगिरों को हथियार लहराकर डराते हुए दूर रहने का इशारा किया।

### हथियारों से लैस थे बदमाश...

वीडियो बनाने वाले शुजालपुर निवासी छोटू सोलंकी के मुताबिक बदमाश हथियारों से लैस थे और लूट के बाद सामान लेकर भाग निकले। ट्रक चालक को जब तक घटना का अहसास हुआ और उसने वाहन रोका तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। इस संबंध में तिलावद पुलिस चौकी प्रभारी घनश्याम बैरागी से चर्चा की, तो उन्होंने इस तरह की कोई वारदात होने की जानकारी से इंकार किया और बताया कि तिलावद पुलिस चौकी अथवा मैना चौकी पर इस तरह की कोई सूचना एवं शिकायत नहीं मिली है। हालांकि सोशल मीडिया पर वीडियो आने की जानकारी जरूर है।

### फायर सेफ्टी वीक पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**शुजालपुर।** फायर सेफ्टी वीक के तहत सोमवार को सिविल अस्पताल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शाजापुर के निर्देशानुसार आयोजित हुआ, जिसमें अस्पताल स्टाफ को अग्नि सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ। शारदा रामसरिया, डॉ। रामस्नेही मिश्रा, डॉ। रविंद्र गुप्ता, डॉ। सुनील कराड़ा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने एवं आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, आग लगने की स्थिति में बचाव कार्य और आपदा प्रबंधन से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दी गई। स्टाफ को आपातकालीन हालात में सतर्कता एवं तत्परता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।